हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में 5123 अभ्यर्थी ...



11 छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना के लिए ...





## खबर संक्षेप

### कलीराम साहू के जीवन में लौटी आवाज, श्रवण यंत्र पाकर हुए भावुक



**बलौदाबाजार** । जिले के सिमगा विकासखंड के ग्राम भैंसा निवासी कलीराम साहू के जीवन में एक नई रोशनी तब आई, जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की ओर से श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के हाथों यह यंत्र पाकर कलीराम साहू भावुक हो उठे। वर्षों से सुनने में असमर्थ रहे कलीराम अब लोगों की बातें स्पष्ट रूप से सुन पा रहे हैं। कलीराम ने बताया कि पहले उन्हें दूसरों की बातें समझने में काफी कठिनाई होती थी, जिससे सामाजिक जीवन भी प्रभावित हो रहा था। लेकिन अब श्रवण यंत्र मिलने के बाद वे आत्मविश्वास से भर गए हैं और पहले की तरह सामान्य बातचीत कर पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति गहरी कृतज्ञता प्रकट की है। उनका कहना है कि यह सहायता केवल एक यंत्र नहीं बल्कि उनके जीवन में जुड़ी एक नई आशा है।

### जर्जर बिजली खंभों से मिली मुक्ति, लगे नए पोल



**कसडोल**। नगर के ब्राह्मण पारा बैगापारा स्तिथ बिजली खम्बे जर्जर और पुराने हो जाने के कारण बिजली के वायर धीरे धीरे ढीले हो रहे थे साथ ही खम्भे कमजोर हो चुके थे जिसे बदलने की मांग लंबे समय से नगर के नागरिकों द्वारा की जाती रही है जिस पर पार्षद एवं अधिवक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा द्वारा बिजली विभाग से सम्पर्क कर इस समस्या को अवगत कराकर नए खम्बे लगवाया गया। गौरतलब है कि ब्राह्मण पारा स्तिथ दो खम्बे पुराने होने से झुक गए थे साथ ही उसमे लगे बिजली के तार भी नीचे आकर लटक रहे थे इसी प्रकार बैगा पारा स्तिथ बिजली पोल नीचे से सड़ जाने के कारण कभी भी खतरे को आमंत्रण दे रहे थे जिस हेतु श्री मिश्रा द्वारा नगरीय चुनाव के पूर्व बिजली विभाग के कस्टमर केयर में काल कर शिकायत की थी साथ ही विभाग में सूचना कर स्थलों का अवलोकन कराया था जिसकी रिपोर्ट बनाकर भेजी गई थी खम्बे आने पर बिजली विभाग द्वारा लगाया गया है। जिससे दोनों मोहल्लों के लोगो ने पार्षद श्री मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापन किया है, लोगो के लंबे समय की मांग पूरी हुई जिस हेतु भी नागरिकों ने आभार जताया है।

# हरेली तीज महोत्सव की धूम: हरे परिधानों में सजी महिलाएं, पारंपरिक खलों का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- कुर्सी दौड़, खो-खो और पोशंपा जैसी प्रतियोगिताओं ने बढ़ाई रौनक, सांस्कृतिक जुड़ाव का दिखा माध्यम

गरबा समिति गांधी चौक के तत्वावधान में नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 14 में सावन हरेली तीज महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महोत्सव की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं जैसे कुर्सी दौड़, खो-खो और पोशंपा का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी महिलाओं ने इस विशेष अवसर पर हरे रंग की साड़ियों और पारंपरिक आभूषणों से श्रृंगार कर सावन पर्व की परंपरा को जीवंत कर दिया। इस आयोजन का संचालन गरबा समिति गांधी चौक द्वारा किया गया। समिति के सदस्यों और स्थानीय महिलाओं के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**ये रहे उपस्थित:** महोत्सव में मुख्य रूप से संगीता बघेल, विजेता बघेल, अंजू वर्मा, श्रद्धा चंद्राकर, प्रीति माही, कंचन, खुशबू, सीता, संतोषी, बीजू ठाकुर, मंजू, ममता सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक रहा, बल्कि महिलाओं के सामाजिक जुड़ाव और पारंपरिक मूल्यों को सहेजने का भी एक सशक्त माध्यम बना।



### शव देने के लिए मांगे थे पैसे, मीडिया के हस्तक्षेप से मिली राहत

# सरकारी से प्राइवेट अस्पताल में रेफर करने पर बवाल, मरीज की हुई मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार।

### बिनौरी मोड़ हादसे के घायल को बिना परिजनों की मौजूदगी के प्राइवेट अस्पताल भेजा, लाखों का बिल बना





#### शव के बदले मांगे 58 हजार

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर आदित्य वर्मा ने मरीज को जानबूझ कर प्राइवेट अस्पताल भेजा। जबकि जिला अस्पताल भेजना था। रात दो बजे मृत्यु होने के बाद अस्पताल प्रबंधक ने शव देने के एवज में 58 हजार की मांग की थी। मीडिया के हस्तक्षेप के बाद दवाई का 10 हजार रुपए जमा करके शव ले जाने को कहा गया।

एनएच 130 बी में बलौदाबाजार रायपुर मार्ग पर शनिवार की शाम लगभग 4:30 बजे बिनौरी मोड़ के पास एक बाइक सवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे अस्पताल पहुंचने एम्बुलेंस को फोन किया गया आधे घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर सिस्टम की लाचारी के आगे मालवाहक गाड़ी से पलारी के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां परिजनों के अनुपस्थिति में ही मौके पर उपस्थित ड्यूटी डॉक्टर आदित्य वर्मा ने उन्हें दूसरे अस्पताल रिफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने प्राइवेट अस्पताल रिफर किया जहां अस्पताल ने इलाज के लिए मोटी रकम मांगी जबकि डॉक्टर को जिला अस्पताल भेजना था।

पलारी थाना अंतर्गत बिनौरी मोड़ के पास शनिवार शाम बाइक सवार कुबेरकांत को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसका पैर बुरी तरह टूट गया था। दर्द के वजह से तड़पते घायल को रस्ते से गुजर रहे रिटायर्ड आर्मी मेन भरत ठाकुर ने देखा तो मौके पर रुक कर घायल को प्राथमिक उपचार देने का प्रयास किया। भीड़ में से लोगों से स्कार्फ लेकर पुलिस के डंडे को सहारा बनाते हुए घायल के पैर पर पट्टी बांधा। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल व उनके स्टाफ ने एम्बुलेंस का इंतजार किया। इस दौरान घायल तड़पता रहा। घायल को तड़पता देख सिस्टम की लाचारी के आगे थकहार कर थानेदार ने तुरंत एक मालवाहक गाड़ी को रुकवाकर घायल को पलारी अस्पताल पहुंचाया व घायल के परिजनों को सूचित किया।

सूचना मिलने पर ग्राम बोहारडीह (जोंधरा) से घायल का पुत्र निरंजन कांत व अन्य परिजन मरीज से मिलने पलारी पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली कि घायल को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जिला अस्पताल पहुंचने पर घायल मरीज नहीं पहुंचा था। परिजनों को पुलिस के माध्यम से पता चला कि घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निजी अस्पताल पहुंचे पर परिजनों से अस्पताल प्रबंधक ने मोटे रकम की मांग की जिस पर परिजनों ने कहा इतना बड़ा रकम अभी नहीं दे सकते कुछ कम करिए। आप इलाज शुरू कीजिए हम रुपयों का इंतजाम करते है। जिसके बाद देर रात करीब 2 बजे घायल मरीज की मौत हो गई।

#### मै वॉच मेन नहीं हुं : डॉक्टर

मैं अस्पताल का वॉच मेन नहीं हु कि देखते रहूं कि मरीज को कौन कहां ले जा रहा है। मैने मरीज को गंभीर हालत को देख कर जिला अस्पताल रिफर कर अन्य मरीजों के इलाज में लगा था। इसी दौरान किसी ने उसको वहां से ले गया।

-आदित्य वर्मा , डॉक्टर

### धसगुड़ जलप्रपात में वीडियो बनाते हुए 60 फीट नीचे गिरा युवक, चार हड्डियां टूटीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





बलौदाबाजार जिले के प्रसिद्ध धसगुड़ जलप्रपात में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। शनिवार 26 जुलाई को निखिल साहू (18 वर्ष), निवासी छेरकापुर, अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचा था। इसी दौरान एक वीडियो शूट करते समय वह चोटी से फिसलकर करीब 60 से 65 फीट नीचे जा गिरा, जिससे उसके शरीर की चार हड्डियां टूट गईं। इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि युवक चोटी पर चढ़ते समय अपना संतुलन खो बैठता है और नीचे गिर जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

बारिश के मौसम में जिले के सिद्धखोल और धसगुड़ जैसे जलप्रपातों में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। लेकिन इन पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह लापरवाही कभी भी किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है।

#### सख्त नियम व सुरक्षा उपायों की

पिकनिक स्पॉट्स पर बढ़ती भीड़ के बावजूद सुरक्षा बेरोकटोक है। न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, न ही गार्ड की व्यवस्था है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

### अतिक्रमण हटाने के दौरान सरपंच को जातिसूचक गाली, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

- राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में अपमानित हुए सरपंच गजपति जांगड़े, पुलिस जांच में जुटी

ग्राम गगोरी में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक गंभीर और निंदनीय घटना सामने आई है। गांव के कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने गए राजस्व अधिकारियों के बीच सरपंच गजपति जांगड़े को सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गालियां देते हुए अपमानित किया। यह घटना दोपहर लगभग 1:30 बजे उस समय हुई जब राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही चल रही थी। घटना के दौरान मौके पर सरसींवा तहसीलदार, पटवारी, उपसरपंच जीवनलाल यादव, पंच ईश्वर साहू, पतिराम साहू, विजय कुमार, और अन्य ग्रामवासी भी मौजूद थे। आरोप है कि छत्रपाल पटेल और शत्रुघ्न पटेल नामक व्यक्तियों ने सरपंच को अपशब्द कहे, जातिसूचक गालियां दी। सार्वजनिक रूप से जातिसूचक गालियां देने से वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए हैं। पीड़ित सरपंच गजपति ने इसकी शिकायत थाना सरसीवां में की है। इस घटना ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दुश्मनों के घर में घुसकर मारता है नया भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिजनों का सम्मान, पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा

नगर के भारत माता (जय स्तम्भ) चौक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, बलौदाबाजार - भाटापारा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर कारगिल युद्ध में वीरगति प्राप्त जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के वीर सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मान किया। कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते ▶▶ शेष पेज 11 पर



#### मोदी के नेतृत्व में भारत हुआ आत्मनिर्भर

शिवरतन शर्मा ने आधुनिक भारत के बारे में बताते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनकर तैयार है। एक समय हमारे पास साइबेरियाई ड्रिप जैकेट नहीं थे, आज भारत में ड्रेरेमिक ड्रिप जैकेट भी बन रही है और दुनिया भर में इसका एक्सपोर्ट भी किया जा रहा है। आज जल, थल, और नभ सभी क्षेत्रों में भारत शत्रुओं को कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है; यही नया भारत है।

### अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का प्रहार, 11 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की धरपकड़ जारी

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा 26 जुलाई को सायं क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 11 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 11 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

**आरोपियों के नाम:** अरुण कोसले उम्र 22 साल निवासी ग्राम खोरसीनाला बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली , राजकुमार गेण्डरे उम्र 39 साल निवासी ग्राम लवनबन थाना सिटी कोतवाली, राजू साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मैदान समतलीकरण, बाउंड्रीवाल एवं पुलिया निर्माण की मिली स्वीकृति

# शिक्षित और संस्कारवान नागरिक बनाएं: मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मोदी की गारंटी पूरी करने पर जोर



विकासखंड पलारी अंतर्गत वन ग्राम धमनी में नवनिर्मित हाई स्कूल भवन का राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने रविवार क़ो फीता काटकर लोकार्पण किया। हाई स्कूल भवन का निर्माण लगभग 75 लाख 23 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। इसके पूर्व राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने स्कूल परिसऱ में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने हाई स्कूल मैदान समतलीकरण एवं बाउंड्रीवाल के लिए 10-10 लाख रुपये देने एवं जोराडबरी मार्ग में पुलिया निर्माण की घोषणा की।

कार्यक्रम क़ो सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि भले ही धमनी ग्राम दूरस्थ क्षेत्र में बसा है लेकिन यहां के लोगों में भाईचारा व एकजुटता सरहानीय है। नशामुक्ति के लिए महिला कमांडो भी सक्रिय है। अपराध बढ़ने का मुख्य कारण शराबखोरी भी है, इस पर नियंत्रण जरुरी है। सभी मिलजुल कर ग्राम विकास में प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों क़ो अच्छी शिक्षा देने के साथ ही अच्छा संस्कार दें ताकि शिक्षित एवं संस्कारवान नागरिक बनकर समाज और देश के लिए अच्छा काम करे। बच्चों क़ो समय पर सही रास्ता दिखाए ताकि वह गलत रास्ते पर न जाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी क़ो पूरी कर रही है । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार जनता की खुशहाली के लिए योजना बना रही है। सभी वर्गों के लोगों तक पात्रानुसार योजना क़ा लाभ पहुंचाया जा रहा है। महतारी वंदन, पीएम आवास, आयुष्मान योजना जैसे अनेक योजनाओं का लाभ लोगों क़ो मिल रहा है।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष सरिता यादव, जनपद सदस्य चंद्र पैकरा, सरपंच हऱदयाल पैकरा, विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चंद्राकर, उर्मिला रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### केवराडीह में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार 33 हजार से रूपए जब्त



**खरोरा** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेंद्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल 26 जुलाई को जरिए मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम केवराडीह के पानी टंकी के नीचे सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग रुपये पैसे की हार-जीत का दांव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ हो रहा है, कि सूचना तस्दीक हेतु थाना खरोरा प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम पेट्रोलिंग वाहन में मय विवेचना कीट के रवाना होकर रास्ते में मिले गवाहों को नोटिस देकर मुखबिर सूचना से अवगत कराते हुए साथ में लेकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर रेड मार कर 6 आरोपियों को ग्राम केवराडीह पानी टंकी के नीचे के स्थान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया जिनके संयुक्त कब्जे एवं फड़ एवं पास से जुमला रकम नगदी 33570 रुपये, दो नग मोमबत्ती, एक नग सफेद प्लास्टिक चुमड़ी को समक्ष गवाहन जप्त ▶▶ शेष पेज 11 पर

रायपुर की कार्यकारिणी का ऐलान भी अगले माह होगा

# भाजपा के सभी जिलों की कार्यकारिणी अगले माह तक होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब जाकर करीब पांच माह बाद जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगी है। सबसे पहले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी की जिला कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। इसके बाद गौरेला पेंड्रा मरवाही की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी का भी एक के बाद एक ऐलान होगा। रायपुर जिले की कार्यकारिणी का ऐलान जहां अगले माह होगा, वहीं प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी हर हाल में अगले माह पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी तय होगी। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा, इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। इसके लिए



अभी लंबा इंतजार करना होगा। प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान अगस्त के अंत में या फिर सितंबर में ही हो सकेगा। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### लगातार घोषित होगी जिलों की कार्यकारिणी

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया। कई बार डेडलाइन तय करने के बाद अब जाकर जुलाई में सभी मंडलों की कार्यकारिणी बनी है। अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद प्रारंभ की गई है। अब तक दो जिलों की कार्यकारिणी का ऐलान हो चुका है। एक करके जिलों की कार्यकारिणी का लगातार ऐलान होगा। जिलों की कार्यकारिणी बनाने के बाद उसको अनुमोदन करने के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा, वहां से मंजूरी मिलने पर इसका ऐलान होगा।

## खबर संक्षेप



### नेपाली समाज ने विधायक मूणत से की मुलाकात

**रायपुर।** पशुपतिनाथ नेपाली सेवा समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत से मुलाकात की। इस दौरान नेपाली समाज ने विधायक से पशुपतिनाथ मंदिर के लिए जमीन की मांग की, जिस पर विधायक श्री मूणत ने भरोसा दिलाया और उचित मार्गदर्शन भी किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष कृष्णा बहादुर क्षेत्री व उपाध्यक्ष सुक बहादुर सिंह ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर, काठमांडू शहर के पूर्वी बाहरी इलाके में, बागमती नदी के किनारे काठमांडू घाटी में स्थित एक पूजा स्थल है, जो नेपाल का सबसे पवित्र स्थल है। यह हिंदू देवता शिवजी को समर्पित है, जो पशुओं के रक्षक, पशुपति के रूप में हैं। मुलाकात के करने वालों में वंदना सिंह, रेनू क्षेत्री, सविता क्षेत्री, नेहा थापा, सवित्री थापा, हरिप्रसाद शर्मा, रामप्रसाद, संजय थापा, तुलसी क्षेत्री सहित समिति के सदस्य शामिल थे।

### कार्ययोजना बनाकर चला रहे अभियान, 4106 ग्राम पंचायत हो चुकी टीबी मुक्त

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य की 4106 ग्राम पंचायतें अब तक टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम कर रहा है। पिछले दिनों निक्षय निरामय योजना के तहत 100 दिन के अभियान में 36 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश में 7 दिसंबर 2024 को निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू किया गया था।

### भूपेश के बयान पर अमित की सलाह- पूर्वजों की स्मृति को राजनीतिक विवादों से दूर रखें

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मेरे पिता स्व. अजीत जोगी और स्व. नंदकुमार बघेल दोनों ही अब हमारे बीच नहीं हैं। उनके बारे में राजनीतिक



बयानबाजी करना अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व. नंदकुमार बघेल के मामले में तत्कालीन जोगी सरकार का निर्णय सामाजिक समरसता और मंत्रिमंडल की सहमति पर आधारित था। स्वयं भूपेश बघेल भी मंत्रिमंडल के हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि श्री बघेल ने अपने परिवार के सदस्यों को जेल भेजने को सरकारों के पतन से जोड़ा था। श्री जोगी ने याद दिलाया कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्रित्व काल में भी उनके पिता स्व. नंदकुमार बघेल को जेल हुई थी, जिस पर उन्होंने कभी कोई सवाल नहीं उठाया।

### कलाम की पुण्यतिथि दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर को सम्मानित किया गया। जिसमें संवेदना समूहमुकेश चंद्राकर, हेमलता, पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, ने कहा कि भारत देश पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम ने उन्हें प्रेरक दूरदर्शी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, मार्गदर्शक और महान देशभक्त के रूप में याद किया जाता है।

पशु सखी से लेकर जिला पंचायत सीईओ सहित उनके परिजनों ने भी कराई स्वास्थ्य जांच

# प्रोजेक्ट छांव की शुरुआत, मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रोजेक्ट छांव के तहत स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इस कैंप में स्टेडियम के मध्य में पंजीयन करने वालों की कतार लगी हुए थी। उसके बगल में चिकित्सक परामर्श हुआ, जिसमें बीपी, शुगर सहित अन्य परीक्षण हुए। स्टेडियम के चारों किनारों में विभिन अस्पतालों के विशेषज्ञ बैठे हुए थे, जिन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ उनके परिवार के अन्य सदस्यों की भी स्वास्थ्य जांच की। इस कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचिव अमिताभ जैन शामिल हुए। इस कैंप का अवलोकन कर उन्होंने प्रोजेक्ट छांव की सराहना की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन रायपुर ने प्रोजेक्ट छांव की शुरुआत की है। इसके तहत इंडोर स्टेडियम में जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच के लिए कैंप लगाया। इस कैंप में पशु सखी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद सीईओ, जिला पंचायत सीईओ सहित इन विभागों के करीब 1279 अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।



### बहुत अच्छी पहल- अमिताभ जैन

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने इस कैंप में अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के लिए प्रोजेक्ट छांव के तहत स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। यह ऐसा अवसर है, जहां सब मिलकर इस समस्या का निराकरण करते हैं। उनका और उनके परिजनों की देखरेख की जा रही है। उन्होंने अपील की कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों अपना परीक्षण करवाएं और अपने परिवार का ख्याल रखें। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सभी हेल्थ काउंटरों, बालको मेडिकल सेंटर की मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन का भ्रमण कर जानकारी ली।

### प्रशासन कर्मचारियों के लिए छांव की तरह कर रहा काम-सिंह

*कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा की जिला प्रशासन कर्मचारियों के लिए छांव की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा की हमारे अधिकारी और कर्मचारी शासन के योजनाओं के क्रियान्वन के लिए कार्य करते है, जिससे वे अपना और अपने परिजनों का ध्यान नहीं रख पाते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी और उनके परिजनों का ख्याल रखा जाए।*

### कैंप में स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए ये रही सुविधाएं

इस कैंप में विशेष रूप से मैमोग्राफी, सोनोग्राफी, टीबी जांच, बोन डेंसिटी चेक, ईसीजी, इको, ब्लड टेस्ट किया गया। महिलाओं के लिए मैमोग्राफी जांच, सोनोग्राफी, इको हार्ट की सोनोग्राफी, ब्लड सैंपल, आरएफटी, एलएफटी, विटामिन डी3, बी12, एचबीए1, सुगर रेंडम सहित अन्य जांच की गई। इसी प्रकार ओपीडी में शिशु रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, कैंसर रोग, मेडिसिन, किडनी रोग, न्यूरोलॉजी, मेंटल हेल्थ, गैस्ट्रोलॉजी, स्त्री रोग, कार्डियोलॉजी, जनरल एंड लेमोस्कोपी सर्जरी परामर्श, बीएमडी टेस्ट, अस्थि रोग, सहित अन्य विभाग के परामर्श दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पंचायत विभाग के सचिव डॉ भीम सिंह, डीआरएम रेलवे दयानंद, मनरेगा आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा, एसआरएलएम एवं एमबीएम की एमडी जयश्री जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी और बालको हॉस्पिटल कि डॉ. भावना सिरोही सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रिसदा में बनेगा सीएससी भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

ग्राम पंचायत रिसदा में पांच लाख की लागत से सीएससी भवन बनेगा जिसका भूमि पूजन विगत दिनों गांव के जनप्रतिनिधियों ने किया। शासन द्वारा सीएससी भवन बनने से यहां ऑनलाइन से संबंधित सभी प्रकार के कार्य होंगे एवं 10 ग्राम पंचायत के ऑनलाइन से संबंधित भी कार्य इस सीएससी सेंटर में किए जाएंगे जिसका संचालन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा और आने वाले दिनों में ग्रामीणों को सीएससी से संबंधित सुविधाएं मिलेंगी। भूमि पूजन के उक्त अवसर पर ग्राम रिसदा के सरपंच गणेशराम साहू, पूर्व उपसरपंच परेश वैष्णव, जनपद प्रतिनिधि अजय घृतलहरे, पंच शेरा डहरिया, दानेश्वर प्रसाद वर्मा, राकेश बंजारे, रामखिलावन शर्मा, न्यू विस्टा लिमिटेड से राजेंद्र सिंह, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### दिल्ली में पप्पू, छत्तीसगढ़ में बिट्टू परिवार तक सिमटी कांग्रेस

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच कार्रवाई और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की गिरफ्तारी के मद्देनजर आहूत कांग्रेस के आर्थिक नाकाबंदी आंदोलन के बाद कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के प्रदेश दौरे को लेकर कहा, दिल्ली में पप्पू और छत्तीसगढ़ में बिट्टू, कांग्रेस की राजनीति परिवार तक सिमट कर रह गई है। श्री मिश्रा ने कहा, देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के वैचारिक दीवालिएपन का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि कांग्रेस का आर्थिक नाकाबंदी आंदोलन न देश, न प्रदेश और न ही जनता के हित से जुड़े मुद्दों को लेकर हुआ, बल्कि शराब घोटाले से अर्जित 16.70 करोड़ रुपए रियल एस्टेट में निवेश करने और कुल 1,000 करोड़ रुपए की हेराफेरी करने के मामले में गिरफ्तार भूपेश बघेल के उस बेटे के बचाव में किया गया, जो कांग्रेस का पदाधिकारी तक नहीं है। यह बड़ी विडम्बना ही है कि 140 साल पुरानी पार्टी का अब यह दायित्व हो गया है कि पार्टी को छोड़कर अब घर-परिवार की चिंता कर रहे हैं।

# पलारी में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गत दिवस समन्वय साहित्य परिवार पलारी मे पावस गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ रामकुमार साहू 'मयारु' की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में स्थानीय कवियों ने सावन/पावस पर केंद्रित कविताओं का पाठ किये।

प्रथम कवि के रूप में आमंत्रित कृष्ण कुमार फेकर ने सावन के पवित्र मास में भोले बाबा के दर्शनार्थ मंदिर जाने वाले शिवभक्तों के भावों को अभिव्यक्ति दी।

डम-डम डम डमरू बाजे
शेषनाग गले में साजे।
शिवतांडव कैलाश करे जब,
थर-थर धरती अम्बर कॉपे।
भोले को मनाएंगे इस बार सावन में....

रोहांसी से तोरन लाल साहू ने सावन में हो रही बारिश के दौरान लोक मानस के बीच के संवाद को अपने गीत में प्रस्तुत किया।

- स्थानीय कवियों ने सावन/पावस पर केंद्रित कविताओं का किया पाठ

हमर कोती बूँदा-बाँदी हे, तुंहर डाहन का हाल हवे।वर्तमान समय में कृषि कार्य से दूर भागते नई पीढ़ी, उनके सोच और भविष्य में उत्पन्न होने वाले खतरे को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री अरुण कुमार वर्मा ने कविता पाठ किया। वहीं पोखन लाल जायसवाल ने पावस / सावन के महीने पर केंद्रित कुछ दोहे सुनाते हुए बलौदाबाजार से आए नेहरू लाल यादव ने अपनी हास्य रचना से सबको गुदगुदाया और सशक्त व्यंग्य का नमूना प्रस्तुत करते हुए। समन्वय साहित्य परिवार के अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू मयारू ने सुमधुर गीत से सदन को सावनी रंग से सराबोर किया। इस पावस गोष्ठी का संचालन कर रहे अंचल के ग़ज़लगो पूरन लाल जायसवाल ने अपनी ग़ज़लें तरन्नुम में प्रस्तुत कर समां बांधते हुए। इस गोष्ठी में डॉ .पूसराम साहू और मुकेश साहू शिक्षक आदी उपस्थित रहे।

# अनुमति की जरूरत नहीं, 100 दिन के भीतर होगा डायवर्सन प्रभावित भूमि मालिक को मिलेगा 42 प्रतिशत विकसित प्लॉट

नया विहार में अधिग्रहण से प्रभावित भूमि मालिकों को मिलेगा ज्यादा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना अंतर्गत कौशल्या विहार (कमल विहार) की तर्ज पर प्रस्तावित नया विहार प्रोजेक्ट में प्रभावित भूमि मालिकों को ज्यादा फायदा होगा। एनआरडीए ने इस प्रोजेक्ट में भूमि मालिक को 42 प्रतिशत विकसित प्लॉट देने का प्रावधान रखा है।

इस प्रोजेक्ट में भूमि मालिकों को लैंड यूज बदलवाने एवं डायवर्सन कराने के लिए चक्कर काटना नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी। प्रभावित क्षेत्र का पहले ही लैंड यूज बदल दिया जाएगा, वहीं डायवर्सन भी 100 दिनों के भीतर उन्हें मिल जाएगा। इस तरह इस प्रोजेक्ट से प्रभावित भूमि मालिकों को विकसित प्लॉट मिलेगा, जो एक स्मार्ट शहर से कम नहीं होगा।



### 6 गांव की भूमि अधिग्रहित की जाएगी

रायपुर और नवा रायपुर के बीच सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा स्मार्ट सिटी के रूप में गांवों को बसाने के उद्देश्य से लाए जा रहे इस प्रोजेक्ट के लिए नवा रायपुर क्षेत्र के 6 गांव को शामिल किया गया है। इनमें ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी है। ये सभी गांव रायपुर एवं आरंग तहसील क्षेत्र से लगे हुए हैं। इन गांवों की लगभग 436 हेक्टेयर भूमि को अधिग्रहण के लिए चिन्हांकित किया गया है। हालांकि एनआरडीए इस प्रोजेक्ट में एक रुपए भी खर्च नहीं करेगा, क्योंकि इस प्रोजेक्ट को ऐसी कंपनी या बिल्डरों से अनुबंध करेगा जो भूमि अधिग्रहण करने से लेकर इस क्षेत्र को स्मार्ट शहर की तरह विकसित करेगी।

### सड़क, पानी, अंडरग्राउंड बिजली, ड्रेनेज सिस्टम, गॉर्डन, पाथवे सहित अन्य सारी सुविधाएं रहेंगी

कमल विहार की तर्ज पर प्रस्तावित नया विहार प्रोजेक्ट में भी चयनित क्षेत्र में चौड़ी सड़कें, पानी, अंडरग्राउंड बिजली, ड्रेनेज सिस्टम, गॉर्डन, सब स्टेशन सहित अन्य वे सभी सुविधाएं रहेंगी, जो एक स्मार्ट शहर में रहती हैं। इसके अलावा क्षेत्र को हरा-भरा भी किया जाएगा। इसके लिए नवा रायपुर की तर्ज पर सड़क डिवाइवर में पौधे, आकर्षक चौक आदि संबंधित कार्य भी किए जाएंगे।

### सफलता मिलने पर प्रदेश में कई जगहों पर प्रोजेक्ट लाए जाएंगे

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि नया विहार एक अहम प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट को सफलता मिली, तो प्रदेश में इस तरह के कई प्रोजेक्ट लाए जाएंगे। इन प्रोजेक्ट से ग्रामीण क्षेत्र भी शहर की तरह विकसित होंगे, जिससे उन्हें भी वह सारी सुविधाएं मिलेंगी, जो शहर में रहने वाले लोगों को मिलती हैं।

### ग्रामीणों के लिए फायदेमंद प्रोजेक्ट

नया विहार प्रोजेक्ट ग्रामीणों के लिए फायदेमंद है। कमल विहार की तुलना में यह प्रोजेक्ट कहीं ज्यादा बेहतर साबित होगा। इससे प्रभावित लोगों को 42 प्रतिशत विकसित प्लाट भी मिलेगा।

- संदीप बांगड़े,
एडिशनल डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

जो संतुष्ट नहीं, उनसे 28 जुलाई तक मंगाए गए आवेदन

# युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, रायपुर संभाग में थोक में आवेदन इनमें कई शिक्षकों ने की समितियों के विरुद्ध शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत सभी जिलों में कई शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को दूसरे शासकीय स्कूलों में विलय करने के साथ उनमें पदस्थ शिक्षक भी दूसरे स्कूल में स्थानांतरित किए गए हैं, लेकिन शिक्षकों के स्थानांतरण में कई गड़बड़ी भी हुई है, जिसे लेकर कई शिक्षक हाईकोर्ट पहुंच गए हैं।

वहीं शासन के निर्देश पर संभाग स्तर पर आवेदन एवं शिकायतों के निराकरण के लिए गठित की गई संभाग स्तर की समितियों के पास आवेदन भी किए जा रहे हैं। रायपुर संभाग की बात करें, तो यहां थोक में आवेदन किए जा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर युक्तियुक्तकरण के लिए गठित की गई जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध शिकायतें हैं।



### रायपुर संभाग में अब तक 425 आवेदन

शासन के निर्देश पर रायपुर संभाग में आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में निराकरण समिति बनाई गई है। इस समिति के समक्ष प्रभावित शिक्षक जो स्थानांतरण या फिर अन्य किसी कारण से जिला स्तर समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं, उनसे 16 से 28 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह सूचना जारी होने के बाद रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों से अब तक 425 शिक्षकों ने आवेदन किए हैं, जिनमें ज्यादातर जिला स्तरीय समितियों के निर्णय के विरुद्ध हैं।

### दो दिन शेष, बढ़ सकते हैं आवेदन

निराकरण समिति के पास आवेदन करने के लिए दो दिन और शेष हैं। संभावना जताई जा रही है कि इन दो दिनों में और आवेदन किए जा सकते हैं, जिससे आवेदनों का आंकड़ा करीब पांच सौ पहुंच सकता है।

### परीक्षण में गड़बड़ी मिलने पर सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध आए आवेदनों का पहले परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण के दौरान जिन आवेदनों में गड़बड़ी पाई जाएगी, उन मामलों में जरूरत पड़ने पर सुनवाई भी करेंगे, जिसमें आवेदकों को बुलाया जाएगा।

### संभाग के सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण के तहत थोक में शिक्षक किए गए स्थानांतरित

युक्तियुक्तकरण के तहत रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में थोक में स्कूलों को विलय करने के साथ शिक्षक भी थोक में दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित किए गए हैं। रायपुर जिले में ही प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी को मिलाकर कुल 389 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय किया है। जिन स्कूलों को विलय किया है, उनमें पदस्थ शिक्षकों को भी दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया है।

### परीक्षण में सही पाई जाने वाली आपत्ति-शिकायत का करेंगे निराकरण

रायपुर संभाग से अभी तक 425 आवेदन आए हैं। इन आवेदनों का पहले परीक्षण करेंगे। इसमें सही पाई जाने वाली आपत्ति-शिकायत का निराकरण करेंगे। जरूरत पड़ने पर आवेदक को भी बुलाया जाएगा।

- महादेव कावरे,
संभागायुक्त रायपुर

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में 5123 अभ्यर्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार क़ो आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित हुई। इस भर्ती परीक्षा में जिले के 5123 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 1247 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु जिले में 21 केंद्र बनाए गए थे।परीक्षा एक पाली में प्रातः 11 से अपरान्ह 1:15 बजे तक आयोजित हुई।

परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 6370 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई थी ।उड़नदस्ता की टीम द्वारा सभी केंद्रों में जांच किया गया। किसी भी केंद्र में अनुचित साधन प्रयोग के प्रकरण नहीं मिला।

## खबर संक्षेप

### आम आदमी पार्टी संगठन विस्तार जोरों पर: राकेश

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए तैयारी जोरों पर है। पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि अब तक 14 जिलों की बैठक हो चुकी है और आगामी एक सप्ताह में सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग पूरी हो जाएगी और उसके बाद जोन स्तरीय सम्मलेन रखा जाएगा, जिसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे।

### महासमुंद नगर के प्रभारी बने अमरजीत

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मंडल एवं सेक्टर कमेटी की गठन की प्रक्रिया में उदयपुर नवसंकल्प शिविर में पारित नियम के अनुसार नगर के लिए पूर्व प्रभारी महामंत्री प्रदेश कांग्रेस एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला को नियुक्ति किया है। शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने बताया कि यह बैठक केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि आने वाले समय की राजनीतिक दिशा और रणनीति पर चिंतन का एक सशक्त मंच है। प्रभारी का आगमन 29 जुलाई मंगलवार को 12 बजे ऐतिहासिक गांधी कांग्रेस भवन महासमुंद में होने जा रहा है। नगर मंडल सेक्टर की बैठक में महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद एवं खिलावन साहू तथा वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधिगण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सेवादल, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के सदस्यगण मौजूद रहेंगे।

### जिले में अब तक 509.7 मिलीमीटर औसत वर्षा



**महासमुंद**। महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 509.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 708.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 540.8 मिलीमीटर, बसना में 527.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 447.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 445.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 388.7 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 27 जुलाई को 19.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 38.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 19.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 19.2 मिलीमीटर, कोमाखान में 17.7 मिलीमीटर, बसना में 16.6 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 5.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# संडी-बलौदाबाजार मार्ग पर ढाबा बना जाम का सबब, राहगीर परेशान

## स्थानीय लोगों ने स्थायी समाधान की मांग की, जिम्मेदारों की अनदेखी से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संडी बंगला

संडी से बलौदाबाजार मार्ग में स्थित पंजाब ढाबा के पास आए दिन हो रही जाम की समस्या ने राहगीरों को परेशानी में डाल दिया है। दिनों-दिन यह समस्या विकराल रूप लेता जा रहा है। वाहनों के लाइन लग जाने से आवागमन में दिक्कत तो हो ही रही है दुर्घटना का डर भी सता रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने समस्या की त्वरित निराकरण की मांग उठाई है।

उल्लेखनीय है कि, खरतोरा पुल के नजदीक रायपुर से बलौदाबाजार मुख्य सड़क पर दिन में तो ट्रैफिक किसी तरह संभल जाता है। लेकिन जैसे ही शाम होता है तो समस्या और भी बढ़ जाती है। रात के समय यहां का नजारा ऐसा रहता है मानों यहां मेला लगा हो। वाहनों की बेतरतीब भीड़ और जाम से लोगों को आने-जाने में घंटों लग जाता हैं। लोग जाम में फंस जाते हैं। इससे दुर्घटना का भी भय बना रहता था। ढाबे के पास यहां खाना खाने आने वाले लोगों की गाड़ियां सड़क के दोनों ओर आड़े तिरछे बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती है। जिससे आवागमन रूक सा जाता है। गाड़ियों की लंबी कतार लग जाती है, लोग जाम में फंसें रह जाते हैं। बावजूद जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। ढाबे के पास खड़ी गाड़ियां सड़क के दोनों ओर को घेरकर खड़ी रहती है। जिससे मार्ग सकरा हो जाता है, ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ जाती है। रात के समय अधिकतर लोग ढाबे आते हैं और गाड़ियों को कहीं भी खड़ी कर देते हैं।

### दुर्घटना को बुलावा

आए दिन बेतरतीब गाड़ियों की जाम ने यहां मानों किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहा है। कार्यवाही के अभाव में मनमानी चरम पर है। राहगीर जान हंथेली पर लेकर सफर करने मजबूर हैं। हर पल दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। जाम से खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में ग्रामीणों को सुलभ आवागमन भी नसीब नहीं हो रहा है। वाहनों की बढ़ती संख्या और जाम से रोज की समस्या अब आम बात हो गई है।



### स्थानीय लोगों ने की समाधान की मांग

बेतरतीब खड़े रहने वाले वाहनों के ऊपर कार्यवाही करने की मांग स्थानीय लोगों ने की है, ताकि राहगीरों को परेशानी झेलना न पड़े। वहीं रोज लग रहे जाम से क्षेत्रवासियों को मुक्ति दिलाने लोगों ने इसकी स्थायी समाधान की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, आवागमन का मुख्य मार्ग होने के कारण लोगों का आना-जाना दिनभर लगा रहता है। स्कूली बच्चे, दैनिक मजदूर, किसान, नौकरी पेशा वर्ग के लोग यहीं से गुजरते हैं। जाम और बेतरतीब खड़ें वाहनों से उन्हें दुर्घटना का डर लगा रहता है। स्थानीय प्रशासन से लोगों ने जाम से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है ।

## महतारी हमारी अस्मिता और संस्कृति की प्रतीक: विधायक

# छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना के लिए हुआ भूमिपूजन और 200 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

- विधायक संदीप साहू ने की दो लाख की घोषणा

जनपद पंचायत पलारी के ग्राम रेंगाडीह में रविवार को पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक चेतना के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 फलदार और औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना हेतु विधिवत भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी अस्मिता और संस्कृति की प्रतीक हैं। उनकी मूर्ति की स्थापना से गांव में सांस्कृतिक चेतना और आत्मगौरव को बल मिलेगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया यह वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों को लाभ देगा। उन्होंने इस कार्य के लिए 2 लाख रुपये की घोषणा की ।



### संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की पहल

राष्ट्रीय युवा महामंत्री पवन साहू ने कहा गांव को हरा भरा और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए यह पहल की गई है। ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्य निश्चित ही सफल होगा। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य इस तरह के आयोजन करते हैं। महतारी की मूर्ति गांव में मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक बनेगी। प्रवीण धुरंधर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण बचाने का कार्य नहीं, बल्कि यह जीवन रक्षा का एक अभियान है। आज लगाए गए ये पौधे आने वाले समय में गांव को छाया, फल और शुद्ध वायु देंगे।

कार्यक्रम में सरपंच तिरिथ राम रात्रे, रामायण धीवर, झुमुक साहू, खेलावन ध्रुव, पवन सारथी, भूषण वर्मा, जागेश्वर ध्रुव प्रकाश साहू, गाजुराम, रामेश्वर साहू, चुम्मन साहू, दिनेश साहू, रेशम साहू, लुकेश साहू, टूकेश साहू, नीलकंठ, जितेंद्र वर्मा, केशव साहू, हेमकुमार साहू, संजू साहू हेमंत साहू, मोहन साहू, कामेश्वर साहू, भगवत साहू, प्यारे लाल, भुनेवरी साहू, भारती ध्रुव, केवरा बाई, तुलसी, शिवकुमारी ध्रुव, जमुना साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दतान में मनाया गया कारगिल विजय दिवस व हरेली तिहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

विगत दिनों शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान प में कारगिल विजय दिवस एवं हरेली तिहार का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के दौरान सभी हरित परिधान मे नजर आए, इस मौके पर विद्यालय के औजार कुदाल, फावड़ा, रापा आदि का पूजन भी किया गया, साथ ही गेड़ी दौड़ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पुरस्कार भी प्रदान किया गया। सभी बच्चों के द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक देवकी ध्रुव, प्रधान पाठक किरण ठाकुर, अनिता रात्रे, संध्या पैकरा, सरस्वती वर्मा, अनुसुइया वर्मा, कमलेश कुमार साहू, अभिषेक महोबे, श्रवण कुमार साहू, प्रकाश कुमार सेन, शिव कुमार वर्मा, देवेश कुमार साहू, प्यारेलाल ध्रुव, कु.मधु धीवर सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कांवरियों के लिए लगा आम भंडारा

**महासमुंद**। बम्हनेश्वर नाथ बम्हनी से जल लेकर गंधेश्वर धाम सिरपुर जा रहे कांवड़ यात्रियों को बीटीआई रोड साहू टेंट हाउस के सामने विशाल आम भंडारा का आयोजन मां कर्मा बोल बम समिति द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र के भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बोल बम सेवा समिति के सदस्य दीपक साहू, हरीश चक्रधारी, टेक्सी, ऋषभ साहू, शुभम साहू, हेमन जोशी, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांवर यात्री उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर में आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में दिनांक 26 जुलाई दिन शनिवार को आचार्यों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से वर्ग प्रमुख सीमा पंसारी एवं सहायक कुमारी डिंपल मानिकपुरी, यशवनी निषाद के द्वारा आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग क्रमांक - 2 रखा गया। वर्ग का शुभारंभ कार्यालय प्रमुख मूलशंकर मनहरे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर दीप वंदना के साथ हुआ। वर्ग के पहले कालखंड में कुमारी डिंपल मानिकपुरी के द्वारा प्रार्थना एवं गीत अभ्यास कराया गया । द्वितीय कालखंड में तोरण लाल कुर्रे के द्वारा स्पोकन इंग्लिश का क्लास लिया गया। जिसमें व्याकरण से संबंधित बातों को बताया गया। तृतीय कालखंड में प्राचार्य अश्वनी पाटकर के द्वारा अभिभावक संपर्क की आवश्यकता क्यों है? विषय पर प्रकाश डाला गया। पंच परिवर्तन विषय पर भी प्रकाश डाला गया। चतुर्थ कालखंड में यशवनी निषाद के द्वारा शारीरिक अभ्यास कराया गया। इस वर्ग में 31 आचार्य/दीदियां उपस्थित थे। आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग आचार्यों के व्यक्तित्व में विकास के लिए रखा जाता है।

# कांग्रेस ने किया मंडल-सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- जिला कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद अकबर ने दिया संगठनात्मक मार्गदर्शन, एकजुटता का किया आह्वान





अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में मंडल एवं सेक्टर कमेटी के गठन हेतु आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में मंडल सेक्टर कमेटी बनाए जाने हेतु जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने गठन के संबंध में संगठनात्मक चर्चा करते हुए कांग्रेसजनों को मार्गदर्शन दिया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी गण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षगणों मोर्चा संगठन के पदाधिकारी जोन सेक्टर कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस जनों से चर्चा कर पूर्व जोन कमेटी, सेक्टर कमेटी के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर प्रभारी मोहम्मद अकबर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, कसडोल विधायक संदीप साहू, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, चंद्रदेव राय, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सतीश अग्रवाल ने बैठक में उद्बोधन करते हुए उपस्थित कांग्रेसजनों से एकजुटता पूर्वक मंडल सेक्टर कमेटी के गठन करने की बात कही साथ ही कांग्रेस समस्त मोर्चा संगठनों की बैठक कर सामंजस्य पूर्वक संगठन को मजबूत करने की अपील की।

बैठक में प्रमुख रूप से राकेश वर्मा, सुनील महेश्वरी, गोपी साहू, परमेश्वर यदु, सुशील शर्मा, अश्वनी वर्मा, कमलेश मिश्रा, सिद्धांत मिश्रा, आर्यन शुक्ला, विमल साहू, रमेश धृतलहरे, ब्लॉक अध्यक्षगण विक्रम गिरी रूपेश सिंह ठाकुर, अमर मांडवी, अरुण यदु, गुरु दयाल यादव, दयाराम वर्मा, युधिष्ठिर नायक, भुवनेश्वर वर्मा, विक्रम पटेल, डॉक्टर के के नायक, प्रभाकर मिश्रा, शैलेंद्र बंजारे, संतोष यादव, सूर्यकांत वर्मा, समीर अग्रवाल, राजा तिवारी, कालिंद्री वर्मा, सुरेंद्र जायसवाल, योगेश बंजारे, अजीत बाजपेई, दिवाकर मिश्रा, कुबेर यदु, वैभव केसरवानी, अनिल साहू, लखेश साहू, गणेश जायसवाल, बसंत आड़ील, प्रवीण सेन, भारत वर्मा सुरेंद्र सिंह ठाकुर, अजय भारती, जितेंद्र नवरत्न सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### धसगुड़ जलप्रपात में...

निखिल अपने दोस्तों के साथ मस्ती कर रहा था और वीडियो बनवाने के लिए जलप्रपात की चोटी पर चढ़ गया। बताया जा रहा है कि निखिल ऊंचाई से डरता था, लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो डालने के लिए उसने जोखिम उठाया। तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और वह सीधे चट्टानों के बीच जा गिरा। गंभीर रूप से घायल निखिल को तत्काल बलौदाबाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर है, लेकिन कमर और दोनों हाथों में गहरी चोटें आई हैं।

### अतिक्रमण हटाने ...

की लिखित शिकायत थाना सरसींवा में सरपंच और अन्य ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की गई। छत्रपाल पटेल पहले से ही आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है वह 3 से 5 एकड़ सरकारी जमीन को कब्ज़ा कर रखा है साथ ही साथ कई बड़े छायादार पेड़ नीम, कौहा, बबूल को भी काट दिया है इसके सम्बंध में कुछ समय पहले ही अंचल की मीडिया ने प्रमुख्ता से खबर प्रकाशित किया लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। बताया जा रहा है यह व्यक्ति गाँव में कई लोगो की व्यक्तिगत निजी जमीन को बलपूर्वक हथियाने की कोशिश करता है हद तो तब हो गयी इसने हजारों लोगो के प्रतिनिदित्व करने वाले सरपंच को तहसीलदार के समक्ष जातिसूचक गालियां दी। इस मामले में सरसीवां थाना प्रभारी वीणा यादव ने बताया कि मामले की जांच चल रही है जांच उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### दुश्मनों के घर ...

हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि 26 साल पहले 1999 में कारगिल सेक्टर, द्रास सेक्टर, बटालिक सेक्टर, टाइगर हिल आदि पर पाकिस्तान की फौज ने चोरी-छुपे कब्जा करने का प्रयास किया था। लेकिन हमारी वीर सेना के रणबांकुरों ने पाकिस्तानी फौज को धूल चटाकर विजय प्राप्त की थी।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी, जहां का तापमान माइनस 50 डिग्री होता है। इस बेहद चुनौतीपूर्ण हालात में भी हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान के कायरों को धूल चटा दी। उस समय पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अमेरिका गए और भारत पर दबाव डालने की कोशिश की, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अमेरिका हो या दुनिया की कोई भी ताकत, भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा, और अंत में पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करना पड़ा और घुसपैठियों को भागना पड़ा।

**मोदी के नेतृत्व में बदल रहा है भारत** : हम सब जानते हैं कि उरी की घटना हो या फिर पुलवामा का आतंकी हमला हो, भारतीय सेना ने हर बार जवाबी कार्रवाई के जरिए शत्रु को मुंहतोड़ जवाब दिया है। पहलगाम की घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमारी सेना ने आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है, जो दुश्मनों के घर में घुसकर मारता है। अगर कोई हमें रोकेगा तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। अगर कोई हमारे ऊपर अटैक करेगा तो उसको भरपूर जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज अगर हम चैन से सो पाते हैं, समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ पाते हैं, विकास के नए-नए आयामों का लाभ ले पाते हैं और आधुनिक सुविधाओं से लाभान्वित हो पा रहे हैं, तो इसका कारण है कि भारत के वीर जवान सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यगण, नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### अवैध शराब कारोबार...

कोतवाली. रमेश सोनी उम्र 30 साल निवासी ग्राम डमरू थाना सिटी कोतवाली , राधेश्याम मिरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम लच्छनपुर चौकी करहीबाजार , नंद गोपाल यादव उम्र 43 साल निवासी कोरमा नगर झारखंड, भोला भारद्वाज उम्र 48 साल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली , पुनाराम ध्रुव उम्र 59 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी महावीर उम्र 40 साल निवासी ग्राम बलौदा थाना गिधौरी, रामकृपाल उम्र 38 साल निवासी ग्राम बलौदा थाना गिधौरी , मनीष यादव उम्र 20 साल निवासी दुर्गा चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली।

### केवराडीह में जुआ...

किया गया। आरोपियों का यह कृत्य धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) का घटित करना पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। लोकनाथ पिता बाबूलाल चेलक उम्र 40 साल साकिन चकवे थाना खरोरा जिला रायपुर, .रवि पिता लक्की रात्रे उम्र 60 साल साकिन छेरकाडीह थाना पलारी जिला बलौदाबाजार, .रोहित पिता सुकालू राम मांडले उम्र 48 साकिन मजिठा थाना खरोरा जिला रायपुर, .शिवकुमार पिता लखन लाल मांडले उम्र 60 साल साकिन लांजा (परसवानी) थाना खरोरा जिला रायपुर, .बप्पी साव पिता कृष्णा साव उम्र 35 साल साकिन भैंसा थाना खरोरा जिला रायपुर, .कृष्ण कुमार पिता समारू राम रात्रे उम्र 46 साल साकिन केवराडीह थाना खरोरा जिला रायपुर ।

## महादेव पर जलाभिषेक करने निकली कावड़ यात्रा

**मुंडा** | चल रहे श्रावण मास में भक्तजन अपने-अपने गांव से टोली बनाकर निकल रहे हैं कावड़ यात्रा वहीं मुंडा, कोलिहा, बरदा, पैजनी, लाहौद, चिरपोटा के लोग रविवार को सुबह 6 :00 बजे पीला वस्त्र धारण कर खांध में कवर लिए हुए कावड़ यात्रा के लिए बोल बम की नारा है बाबा एक सहारा है कि जयकारा लगाते हुए खरौद धाम महादेव जलाभिषेक के लिए निकले |



## बिजनेस साइट

### सुमीत बाजार में भारी छूट-सिर्फ 31 जुलाई तक, अंतिम 4 दिन शेष

**रायपुर**। सुमीत बाजार में चल रही अप टू 50 प्रतिशत ऑफ की विशेष छूट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेंस वियर एवं साड़ियों पर मिल रही यह विशेष छूट सिर्फ 31 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे में खरीदारी के इच्छुक ग्राहकों के पास अब केवल 4 दिन का समय शेष है। ग्राहकों द्वारा इस सेल को जबरदस्त प्रतिसाद मिला है। खरीदारी का उत्साह सुमीत बाज़ार के सभी ब्रांचों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पारंपरिक से लेकर वेस्टर्न परिधानों तक, सभी वर्गों के लिए विशेष छूटों का लाभ उठाया जा रहा है। सुमीत बाजार ने हमेशा की तरह इस बार भी कुछ नया पेश करने का प्रयास किया है, और उसे ग्राहकों से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। चप्पे-चप्पे में फैली इसकी शाखाओं में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है।सुमीत बाजार प्रबंधन ने ग्राहकों से अपील की है कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं, क्योंकि छूट की यह पेशकश सिर्फ 31 जुलाई तक ही मान्य है। सुमीत बाजार है छत्तीसगढ़िया—मतलब सबले बढ़िया।



# घायलों के प्राथमिक उपचार का शानदार प्रदर्शन, जिले के लिए बड़ी उपलब्धि : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

## राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन

- सात दिवसीय शिविर में पांच जिलों से 69 शिविरार्थी हुए शामिल, आत्मविश्वास और नई ऊर्जा से लबरेज

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के सात दिवसीय एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं रोवर-रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल और राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन तथा जिला मुख्य आयुक्त अजय गोपाल के निर्देशन में यह शिविर 21 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित किया गया, जिसमें पांच जिलों के कुल 69 शिविरार्थी (39 स्काउट्स, 12 गाइड्स, 9 रोवर और 9 रेंजर) सम्मिलित हुए। शिविर संचालक स्काउट गिरीश कुमार पाढ़ी ने स्काउटिंग संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रीय गान, चिन्ह, सेल्यूट, बाया हाथ मिलाना, बीपी सिक्स, गांठे, ध्वज की जानकारी, अनुमान लगाना, सिग्नल, प्राथमिक उपचार, हाइक आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थी के रूप में शामिल हुए गाइड कैप्टन स्नेहा डड़सेना एवं रोवर लीडर कमलेश साहू ने शिविर में प्राप्त अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि स्काउटिंग गतिविधियों को संचालित करने के लिये एक नई ऊर्जा मिली है। महेंद्र केजरीवाल ने कहा कि नवगठित जिले में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होना जिले की बड़ी उपलब्धि है।



### इनका रहा विशेष योगदान

शिविर को सफल बनाने के लिए शिविर संचालक स्काउट गिरीश पाढ़ी, सहायक संचालक मनीष बघेल, शैलेंद्र नायक, शत्रुघ्न सूर्यवंशी, गाइड विभाग संचालिका शिवानी गणवीर, लीना वर्मा, हिना भेंसले, रोवर विभाग के संचालक राज किशोर स्वर्णकार, विभूतिभूषण गुप्ता, मिलाप सिंह पटेल, रेंजर विभाग के संचालिका रजनीकला पाटकर, सुनीता चौहान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हारिया के प्राचार्य एस एल पटेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त एस एल साहू, जिला सचिव पूनम सिंह साहू, जिला संयुक्त सचिव वृंदा साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड मीना जांगड़े, जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक, रोवर लीडर बीपी बसंत, रुक्मण सिंह सरदार, जिला मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ठाकुर, सर्विस रोवर रेंजर आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर ज्वाल कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू एवं श्वेता जायसवाल ने एवं आभार व्यक्त रोवर विभाग शिविर संचालक राज किशोर स्वर्णकार ने किया।

## खबर संक्षेप

### तृतीय सावनी सोमवार को राजेश्री महन्त का पलारी प्रवास आज



**पलारी।** तृतीय श्रावणी सोमवार को महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज का शिव दर्शन का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महंत जी महाराज 28 जुलाई दिन सोमवार को जिला महासमुंद एवं जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अनेक शिवालयों में पहुंचकर दर्शन पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 10:00 बजे शिवरीनारायण मठ से रवाना होकर 11:30 बजे गंधेश्वर नाथ महादेव सिरपुर, जिला महासमुंद पहुंच कर दर्शन पूजन करेंगे। यहां से दोपहर 12 बजे रवाना होकर 1:30 बजे भूतेश्वर नाथ महादेव ग्राम अमेठी जिला बलौदाबाजार भाटापारा का दर्शन पूजन करेंगे। अमेठी से 2 बजे प्रस्थान करके 2:15 सिद्धेश्वर नाथ महादेव पलारी पहुंचेंगे, सिद्धेश्वर नाथ से 2:45 बजे रवाना होकर 3:15 बजे देवेश्वर नाथ महादेव देवसुंदरा आगमन होगा। यहां वे श्री राम बालाजी भगवान का भी दर्शन पूजन करेंगे 4:15 बजे देवसुंदरा से रवाना होकर 4:45 बजे सिद्धेश्वर नाथ महादेव ग्राम जारा पहुंच कर दर्शन पूजन करेंगे। जारा से 5:15 बजे रवाना होकर शाम 7 बजे उनका आगमन दूधाधारी मठ रायपुर होगा।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** लहरौद पड़ाव के पास बीते 5 जुलाई को कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। इलाज कराने के बाद प्रार्थी ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पिथौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को सतीश निषाद निवासी लहरौद ने बताया कि 5 जुलाई को दोपहर में वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 पी 0218 से अपने दोस्त कमलेश ठाकुर के साथ पेट्रोल टंकी पिथौरा से डीजल लेकर अपने घर ग्राम लहरौद जा रहा था। दोपहर लगभग 2 बजे लहरौद पड़ाव ओवरब्रिज के नीचे झलप की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 एलएल 9955 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चला कर मोटर सायकल को बगल से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे वे दोनों सडक पर गिर गए। एक्सीडेंट से प्रार्थी के सिर, कंधे एवं दोनों पैरों में तथा शरीर के अन्य जगह व कमलेश ठाकुर के नाक, मुंह तथा बांये हाथ के कलाई में चोट आई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए स्थानीय नेता और कार्यकर्ता

**महासमुंद।** बेलसोंडा शक्ति केंद्र खरोरा बूथ क्रमांक 110 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात 124 प्रसारण को सुना गया। इस अवसर पर महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, महासमुंद ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, बूथ अध्यक्ष कौशल चंद्राकर समेत हेमलता चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, कालिंद्री चंद्राकर, गिरजा, अंजु च, जागेश्वरी, पुन्नी लता, पारूल, सरस्वती भारती, पूजा, शैली, दामिनी, कौशल्या, भूषण लाल, मुकेश आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा भारत भर में हुए प्रेरणादायक कार्यों के बारे में बताया जाता है, जिससे लोगों को देश की प्रगति और विकास के बारे में जानकारी मिलती है और वे प्रेरित होते हैं।

## अनदेखी : हर दूसरे दिन जर्जर हो रही सड़क, दुर्घटनाओं का लगा अंबार

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग बना जानलेवा, पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही उजागर, सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के गिधौरी एवं जांजगीर जिले के शिवरीनारायण तक का मुख्य मार्ग इस समय जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुका है। यह सड़क क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए जीवन रेखा मानी जाती है, लेकिन हाल ही में हुई भारी बारिश और जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते यह रास्ता अब हादसों का कारण बन रहा है। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे न केवल वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं।

पीडब्ल्यूडी विभाग एवं ठेकेदार की लीपापोती काम से हर दो दिनों में सड़क का हाल जर्जर हो जा रहा है क्योंकि बार-बार की जीरा पत्थर डालने से बारिश के पानी में बह जा रहा है और बड़े-बड़े गड्ढे होकर पोखर में तब्दील हो गया है । स्थानीय निवासियों के अनुसार, प्रतिदिन इस मार्ग पर कई दोपहिया और चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खासकर स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र, मजदूर, किसान और व्यापारी वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। कई बार तो गड्ढों के कारण वाहन पलट जाते हैं और लोग गंभीर रूप से घायल हो जाता है बताई जा रही है।

### जनप्रतिनिधियों-प्रशासन की चुप्पी से आक्रोश

#### क्या कहता है प्रशासन

जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत का प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ आश्वासन है, जमीन पर अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है।



#### जनता में बढ़ा आक्रोश

आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करेंगे और सड़क पर चक्का जाम कर देंगे। कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है और अविलंब कार्रवाई की मांग की है।गिधौरी और शिवरीनारायण मार्ग की दुर्दशा से न केवल क्षेत्रीय विकास प्रभावित हो रहा है, बल्कि यह लोगों की जान पर भी भारी पड़ रहा है। यह समय की मांग है कि सरकार और प्रशासन इस ओर तुरंत ध्यान दें और सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके ।

#### मरीजों के लिए और खतरनाक हुआ मार्ग

शिवरीनारायण और गिधौरी को जिला मुख्यालय से जोड़ता है। खराब सड़क के कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी काफी परेशानी हो रही है। मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा पा रहा, जिससे गंभीर बीमारियों में जान जोखिम में पड़ रही है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अनदेखी स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क की हालत कई महीनों से खराब है। उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कुछ जगहों पर मिट्टी डालकर खानापूर्ति की गई, लेकिन वह भी बारिश में बह गई। यह लापरवाही कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाती है।

# धूमधाम से मनाई गई करपात्री महाराज की 118वीं जयंती



**भाटापारा।** धर्म सम्राट स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की पावन 118 जयंती महोत्सव मारवाड़ी कुमार श्री मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक समारोह भजन संकीर्तन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ सत्संग संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण समारोह पूर्वक आचार्य झम्मन शास्त्री के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शास्त्री जी ने सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए बताया कि आदि शंकराचार्य भगवान के बाद पूरे भारतवर्ष में वैदिक सनातन हिंदू धर्म एवं भारतीय संस्कृति तथा सनातन धर्म के सार्वभौम सिद्धांतों की स्थापना हेतु आपका जीवन अत्यंत संघर्ष पूर्ण रहा। उन्होने अल्पकाल में अनेकों दिव्य ग्रंथ रत्न की रचना की जिसमें वेदार्थ पारिजात रामायण मीमांसा भक्ति सुधा विचार पीयूष मार्क्सवाद राम राज्य जैसे विशाल ऐतिहासिक ग्रंथ के द्वारा आज भी सबको धर्म समाज तथा राष्ट्र के विषय में दिव्य प्रेरणा मिलती है। इसी क्रम में गौ माता की रक्षा के लिए गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगे इस हेतु उन्होंने 1966 में गौ रक्षा अभियान समिति के तत्वाधान में विशाल आंदोलन किया। धर्म सम्राट के इस पावन जयंती महोत्सव में धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी तथा सनातन धर्म प्रेमी भक्ति वृंद अनेकों सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# अल्ट्राटेक हिरमी में ड्राइवरों के लिए लगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

**खास बातें**

- एएसजी आई हॉस्पिटल के सहयोग से मोतियाबिंद और दृष्टि दोष की जांच, आंखों की देखभाल पर दिया जोर



अल्ट्राटेक सीमेंट ट्रक यार्ड, हिरमी में एएसजी आई हॉस्पिटल, रायपुर के सहयोग से शुक्रवार को ड्राइवरों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों की आंखों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें आंखों को स्वस्थ रखने के उपायों के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में उपस्थित 124 ड्राइवरों की आंखों की जांच की गई और उन्हें विभिन्न प्रकार की आंखों से जुड़ी बीमारियों जैसे मोतियाबिंद, दृष्टि दोष आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, उन्हें आंखों की देखभाल और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अल्ट्राटेक, हिरमी के लॉजिस्टिक्स विभाग के नेतृत्व में किया गया। इसमें विभागाध्यक्ष रत्नेश शुक्ला के साथ सिद्धार्थ रॉय, शरीश सिंह, अमिताप सिंह, अंजन बिस्वास, जयश्री वर्मा, भास्कर शुक्ला, रितेश पांडे, मुकेश कुमार और ट्रांसपोर्ट मैनेजर ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शिविर अल्ट्राटेक सीमेंट की सामाजिक जिम्मेदारी और कर्मचारियों की भलाई के प्रति उनके प्रयासों को दर्शाता है। इस प्रकार की पहल न केवल ड्राइवरों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि उनके काम के प्रदर्शन में भी सुधार लाने में सहायक होती है।

## भाजपा मंडल की बैठक में शक्ति केंद्रों में बनी सहमति



**कसडोल।** भाजपा मंडल कसडोल के पदाधिकारीयों की आवश्यक बैठक रविवार को मंडल कार्यालय दर्रा कसडोल मे सम्पन्न हुआ। बैठक मे संघठन के विषय मे विस्तार से चर्चा उपरांत सभी बूथों मे शक्ति केंद्र स्तर पर जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओ के साथ बैठकर पार्टी के रीती नीति बताकर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने की बात कही गई। इसके अलावा आगामी मासिक बैठक 5 अगस्त को मंडल स्तर पर किसी एक शक्ति केंद्र पर रखने की योजना बनाया गया। इसके साथ ही मण्डल पदाधिकारियों ने संघठन के अन्य विषयों पर भी चर्चा किया। बैठक मे मुख्यरूप से श्रीमती श्यामबाई साहू (प्रदेश मंत्री भाजपा), कृष्णकुमार पटेल(जिलामंत्री), डॉ. सुदीप मानिकपुरी (मंडल अध्यक्ष), अनिल श्रीवास (महामंत्री), चन्द्रिका पटेल, राजकुमार बरिहा, तीजराम विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, गुनीराम साहू कोषाध्यक्ष, मानसिंह ध्रुव मंत्री, पुनीतराम जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## हाईवा से बैटरी चोरी

**महासमुंद।** ब्यारा में खड़े हाईवा वाहन में लगे बैटरी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पुलिस को कौशिक कॉलोनी निवासी रोहित चंद्राकर ने बताया कि उसने अपनी दोनों हाईवा को बरसात में काम नहीं होने के कारण अपने बड़े भाई पन्नालाल के ब्यारा में खड़ा किया था। जब वह 26 जुलाई को सुबह करीब 7 बजे मैं अपनी हाईवा को देखने के लिये ब्यारा गया देखा कि हाईवा क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 5111 में लगे दो नग बैटरी कीमत 24000 रुपए नहीं थे।

# संडी उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों में गहराया बिजली संकट, ग्रामीण बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



पलारी विकासखंड के अंतर्गत संचालित संडी उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों में बिजली संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। बारिश के मौसम में जहां लोगों को राहत की उम्मीद होती है, वहीं बिजली की घंटों कटौती, कमजोर वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग ने ग्रामीणों का जीवन और अधिक कठिन बना दिया है।

देवसुंद्रा और कोदवा फीडर से जुड़े साराडीह, खपरी, रेंगाडीह, पथरचूवा, गाड़ाभाठा, अमलीडीही, टीला, सरकीपार, फूंडरडीह, सर्रा, गोड़ा, कोदवा, ससहा, सुंदरी, सकरी, गिर्रा और सिसदेवरी जैसे गांवों में बिजली की स्थिति बंद से बदतर हो गई है। दिन में 5 से 7 घंटे तक बिजली गुल रहना आम बात हो गई है। गर्मी और बरसात के बीच जब बिजली नहीं रहती, तब न पंखे चलते हैं, न पानी की मोटर। घरों में मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पा रहे, जिससे बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई और आम जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

**बिल लगातार बढ़ रहा, पर सेवा नदारदः** गांवों में बिजली सप्लाई बाधित है, लेकिन बिजली बिलों में कोई राहत नहीं दी जा रही। 1000 से 2000 रुपये तक के बिल आने से ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। बिना उपभोग के इतने अधिक बिल आने से लोगों में गहरा असंतोष है। बिजली नहीं होने के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे और दुकानदार ग्राहकों को सुविधा नहीं दे पा रहे। इस कारण शिक्षा और आर्थिक गतिविधियां दोनों ठप पड़ी हैं।

### बरसात में तकनीकी दिक्कतें और बढ़ीं-

इस समस्या को लेकर कनिष्ठ अभियंता भूपेंद्र चन्द्रमा ने बताया कि फूंडरडीह और बोईरडीह के बीच लगातार इंसुलेटर जलने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। बरसात के कारण लाइनें बार-बार ट्रिप कर रही थीं। विभाग की टीम ने रात में ही पहुंचकर जरूरी सुधार कार्य पूरा किया, जिससे अब आपूर्ति सामान्य की जा रही है। विभाग के अनुसार, बारिश के चलते नमी और ओवरलोड के कारण इंसुलेटर जलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे फॉल्ट बार-बार हो रहा था। इसे ठीक कर लिया गया है और निगरानी जारी है। हालांकि कुछ मरम्मत कार्य किए गए हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कई जगहों पर आपूर्ति अस्थिर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि सिर्फ मरम्मत से समाधान नहीं होगा, जब तक संडी उपकेंद्र के फीडरों को स्थायी रूप से दुरुस्त नहीं किया जाता।

## कसियारा में कुएं के निर्माण से सिंचाई सुविधा का हुआ विस्तार

# मनरेगा से बदली किसान कार्तिक राम की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- किसान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार





महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत कसियारा के किसान कार्तिक राम पटेल के खेत में कुएं का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से किसान कार्तिक राम अब सब्जी की खेती करके अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

कसियारा ग्राम से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित खेतों में सिंचाई के लिए जल स्रोत की कमी के कारण कार्तिक राम पटेल को खेती में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए उन्होंने ग्राम पंचायत में आवेदन किया जिसे स्वीकृत कर तकनीकी परीक्षण एवं डिजाइन के अनुसार कुएं का निर्माण कराया गया। कुएं के निर्माण से अब वर्ष भर सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो रही है, जिससे उनकी खेती की उत्पादकता में वृद्धि हुई है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। अब वह खरीफ और रबी फसलों के साथ-साथ टमाटर, भिंडी, लौकी, कद्दू, मिर्ची जैसी विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है।

### कुएं के निर्माण से मुझे मिली राहतः किसान

कार्य के क्रियान्वयन से पहले तकनीकी टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक स्वीकृति ली गई। पंचायत के माध्यम से निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया गया, जिससे कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकी। किसान कार्तिक राम पटेल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस कुएं के निर्माण से मुझे बहुत राहत मिली है। अब मेरी फसलें सूखे से प्रभावित नहीं होती और मैं साल भर खेती कर पा रहा हूँ। अब सब्जियों की खेती भी कर रहा हूँ, जिससे अच्छी आमदनी हो रही है और मैं अपने परिवार को बेहतर जीवन दे पा रहा हूँ। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से धन्यवाद करता हूँ।


